Association anj the Municipal Corporation of Delhi had requested for allotment of land for a Primary School in Vasant Vihar. A plot of land measuring 0. 60 Hectare at Vasant Vihar hag been allotted to Municipal Corporation of Delhi on 2nd March, 1988.

(c) No such permission has been given to Delhi Administration.

उड़ीसा में रोजगार कार्यालयों में पंजीकृत बेरोजगार

3199. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक : क्या श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :**

(क) उड़ीसा में रोजगार कार्यालयों म पिछले तीन वर्षों के दौरान वर्षवार तथा श्रेणीवार पंजीकृत बेरोजगारों की संख्या कितनी है ;

(ख) ऊपर भाग (क) में लिखित व्यक्तियों में से ऐसे कितने व्यक्ति अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के हैं जिन्हें उक्त तीन वर्ष की अवधि के प्रत्येक वर्ष में रोजगार प्रदान किया गया ;

(ग) क्या सरकार ऊपर भाग "ख" में लिखित श्रेणी के व्यक्तियों को कोई प्राथमिकता नहीं दे रही है ; और

(घ) यदि हां, तो उनका ब्योरा क्या है तथा सरकार इस प्रकार के व्यक्तियों को किस प्रकार की प्राथमिकताएं दे रही है या देने का विचार रखती है ?

श्रम मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाईटलर) : (क) और (ख) उड़ीसा में 1985, 1986 तथा 1987 में प्रत्यक वर्ष दिसम्बर तक समाप्त अवधि के लिए रोजगार कार्यालयों द्वारा पंजीकृत और नियुक्त किए गए व्यक्तियों की संख्या के बारे में सूचना इस प्रकार है :—

(आंकड़े हजारों में)

कुल	पंजीकरण			नियुक्तियां कुल		
वर्ष अ. जा.	कुल	अ.जा.	अ.ज.जा.	कुल	अ.जा.	अ.ज.जा.
1985	239.1	22.3	17.9	13.7	1.9	1.9
1986	216.9	21.0	14.0	15.6	2.1	1.8
1987	202.7	21.1	12.3	11.6	1.8	1.2

(ग) उड़ीसा सरकार अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजाति के समुदायों के व्यक्तियों को रोजगार में प्राथमिकता दे रही है ।

(घ) सरकारी संगठनों में अनुसूचित जातियों के लिए 15 प्रतिशत तथा अनुसूचित जनजातियों के लिए 23 प्रतिशत रिक्तियां आरक्षित हैं । इसके अतिरिक्त इन समुदायों के उम्मीदवार सरकारी नौकरियों में पांच वर्ष की आयु छूट के हकदार हैं । साक्षात्कार हेतु आने के लिए उन्हें द्वितीय श्रेणी का रेलवे/बस किराया भी दिया जाता है ।

Welfare of Blind

3200. SHRl CHATURANAN MISH- } RA. Will the Minister of WELFARE be pleased to state the details of year-wise allocation of the amounts granted for the welfare of the blind people during the last three years?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF WELFARE (SHRIMATI SUMATI ORAN); Grants given during the last 3 years under various schemes for the handicapped, which include the blind are given in the en» olosd Statement.